# कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम **(FYUP/CBCS)**

## संस्कृत (**BAFSK/ BASKH)**

पाठ्यक्रम –भारतीय, सामाजिक संस्थान और राज्यव्यवस्था

पाठ्यक्रम कोड – **BSKC-107**

(**IDC**)

सत्रीय कार्य

(**First Semester**)

जनवरी 2025 एवं जुलाई 2025 सत्रों के लिए

मानविकी विद्यापीठ

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम (FYUP/CBCS)

## पाठ्यक्रम – भारतीय, सामाजिक संस्थान और राज्यव्यवस्था

## पाठ्यक्रम कोड – BSKC-107

सत्रीय कार्य – जनवरी 2025 एवं जुलाई 2025

कार्यक्रम कोड : **BAFSK/BASKH (FYUP/CBCS)**

पाठ्यक्रम कोड : **BSKC-107/2025-26**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (**TMA**) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएँगे।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश :– सत्रीय कार्य आरम्भ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दायें सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनाँक लिखिए।

2) बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख करें जैसा आगे दिखाया गया है

---

अनुक्रमांक : ............................

नाम : .................................

पता : ......................................

पाठ्यक्रम का नाम / कोड : ..........................................

सत्रीय कार्य कोड : ....................................

अध्ययन केन्द्र का नाम / कोड : ................................

दिनाँक : ..............................................

---

सत्रीय कार्य जमा कराने की तिथियाँ

जनवरी 2025 सत्र के लिए : 30 सितम्बर 2025

जुलाई 2025 सत्र के लिए : 31 मार्च 2026

## सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास** : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

(क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,

(ख) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,

(ग) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं के साथ

**नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

# कला स्नातक उपाधि कार्यक्रम (FYUP/CBCS)

## पाठ्यक्रम –भारतीय सामाजिक, संस्थान और राज्यव्यवस्था

## सत्रीय कार्य : जनवरी 2025 एवं जुलाई 2025

पाठ्यक्रम कोड – **BSKC-107**

पाठ्यक्रम शीर्षक – भारतीय सामाजिक संस्थान और राज्यव्यवस्था

सत्रीय कार्य – **BSKC-107/TMA/2025-2026**

पूर्णांक – 100

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : –

निम्नलिखित में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

**10x8 =80**

1. पुरुषार्थ चतुष्ट्य का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

2. कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' के अनुसार सप्तांग सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

3. षाड्गुण्य सिद्धांत की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए।

4. भारतीय सामाजिक संस्थान के विषय–क्षेत्र पर विस्तृत निबन्ध लिखिए।

5. भारतीय समाज पर बौद्ध धर्म एवं इस्लाम धर्म के प्रभाव का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

6. वैदिक काल से आधुनिक काल तक के सामाजिक परिवर्तन पर प्रकाश डालिए।

7. धर्म के स्रोत ग्रंथों पर प्रकाश डालिए।

8. सामाजिक व्यवस्था के आधारों की विवेचना कीजिए।

9. संस्कार किसे कहते हैं? षोडश संस्कार का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

10. महाभारत के अनुशासन पर्व एवं सभा पर्व के आधार पर स्त्रियों की स्थिति की विवेचना कीजिए।

11. भारतीय राजतंत्र के महत्वपूर्ण विचारकों के विचार की विवेचना कीजिए।

12. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए। **5X4=20**

क. भूतयज्ञ अथवा नृयज्ञ

ख. धर्म अथवा अर्थ

ग. स्वामी अथवा अमात्य

ड. सोमदेव सूरि अथवा महात्मा गांधी